कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

शीशमबाग वन परिसर, जेल रोड, हीरानगर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल
E-mail : dfote@rediffmail.com, Phone: 05946-254309, Fax: 05946-250298

पत्रांक 3698 / 121 हल्द्वानी, दिनांक 21-12-2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
हल्द्वानी।

विषयः– **जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लालकुंआ के अन्तर्गत गौजाजाली में आंवला चौकी गेट–मुस्कान केन्द्र के समीप क्रियाशाला संस्कार स्थल के निर्माण हेतु 0.063है0 वन भूमि ग्रामीण निर्माण विभाग को गैर वानिकी कार्यो हेतु प्रत्यावर्तन के संबध में।**

संदर्भः– अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग का पत्रांक–920 / ग्रा0नि0वि0 / 04–प्रा0 / 2022–23 दिनांक–13.10.2022।

महोदय

उपरोक्त विषयगत प्रकरण अपर प्रमुख प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक–592/FP/UK/Others/155392/2022 दिनांक–30.08.2022 द्वारा चाही गयी सूचना प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा उपरोक्त संदभित पत्र से इस कार्यालय को प्रेषित कि गयी है। जिसका विवरण निम्न प्रकार प्रेषित है। जिसकी प्रति मूल में संलग्न है। **(संलग्न–1)**

क्रम सं.	बिंदु /आपत्ति	प्रतिउत्तर
01	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–2 में हरियाली का घनत्व अंकित नहीं किया गया है।	उक्त बिन्दु के अनुपालन में प्रपत्र–42 हरियाली का घनत्व भाग–2 में अपलोड कर दिया गया है।
02	प्रस्तावित प्रकरण एवं प्रस्ताव संख्या–155386 / 2022 से सम्बन्धित प्रस्ताव एक ही क्षेत्र के अन्तर्गत प्रस्तावित है, जिसमें विषयांकित प्रकरण के प्रस्ताव में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–2 के बिन्दु X में हाथी रिजर्व आदि का हिस्सा होने का उल्लेख किया गया है, किन्तु वहीं दूसरे प्रकरण (प्रस्ताव संख्या–155386 / 2022) में हाथी रिजर्व आदि का हिस्सा न होने का उल्लेख किया गया है, स्थिति स्पष्ट करें।	उक्त बिन्दु के अनुपालन में अवगत कराना है कि प्रस्ताव संख्या–155386 इस वन प्रभाग से सम्बन्धित नहीं है। सम्भवतः तराई केन्द्रीय वन प्रभाग से सम्बन्धित है। इस वन प्रभाग के अर्न्तगत प्रस्ताव संख्या–155392 है जिसमें हाथी रिजर्व का हिस्सा न होने का उल्लेख किया गया है।
03	प्रस्तावित स्थल हाथी रिजर्व होने की दशा में प्रस्ताव में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक का अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना है।	इस बिन्दु के अनुपालन में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक का अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्न–2)**

04	प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–7 में सी0डी0 प्रेषित किये जाने का उल्लेख किया गया है, जो उपलब्ध नहीं की गई है।	प्रयोक्ता अभिकरण के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्ताव की 2 सी0डी0 संलग्न की गयी है। **(2 सी0डी0 संलग्न–3)**
05	परियोजना का मदवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न करें।	प्रयोक्ता अभिकरण के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि परियोजना का मदवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न किया गया है।

भवदीय

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।

पत्रांक 3698 **/12–1 दिनांकित**
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. मुख्य वन संरक्षक कुमाऊँ, उत्तराखण्ड नैनीताल।
3. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड, नैनीताल।

(संदीप कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई पूर्वी वन प्रभाग,हल्द्वानी।